# समाहरणालय, पटना

(जिला प्रोग्राम कार्यालय, ICDS)

**विज्ञापन संख्या–07/2024**

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार (समाज कल्याण विभाग, बिहार) के पत्रांक–WCDC/2088/23 दिनांक–26.09.2023 के आलोक में सखी वन स्टॉप सेंटर, पटना एवं बाढ़ अनुमंडल, पटना के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | शैक्षणिक अर्हता | कार्य अनुभव तथा प्राथमिकता | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रशासक (महिला हेतु आरक्षित) | कानून/ समाजकार्य/ समाजशास्त्र/ समाज विज्ञान /मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर। | महिलाओं के मुद्दों से सम्बन्धित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/ कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।<br>**प्राथमिकताः**–महिलाओं के मुद्दों से सम्बन्धित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना / कार्यक्रम में परामर्शी के रूप में कार्य अनुभव रखने वाले साथ ही स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। | **02 (दो) पद**<br>01 पद– अनारक्षित<br>01 पद– अत्यंत पिछड़ा वर्ग | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | 30,000/– |
| 2 | केस वर्कर (महिला हेतु आरक्षित) | कानून/ समाजकार्य/ समाजशास्त्र/ समाज विज्ञान /मनोविज्ञान में स्नातक। | महिलाओं के मुद्दों से सम्बन्धित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/ कार्यक्रम में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।<br>**प्राथमिकताः**– स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। | **04 (चार) पद**<br>02 पद–अनारक्षित<br>01 पद–अत्यंत पिछड़ा वर्ग<br>01 पद–अनुसूचित जाति | | 22,000/– |
| 3 | मनो–सामाजिक परामर्शी (महिला हेतु आरक्षित) | मनोविज्ञान / तंत्रिका विज्ञान (न्यूरो साइंस) में स्नातक। | महिला स्वास्थ्य के मुद्दों पर सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | **02 (दो) पद**<br>01 पद–अनारक्षित<br>01 पद– अत्यंत पिछड़ा वर्ग | | 22,000/– |
| 4 | कम्प्यूटर ज्ञान युक्त कार्यालय सहायक | कम्प्यूटर/ आई. टी में डिप्लोमा। | डाटा प्रबंधन, दस्तावेजीकरण तथा वेब आधारित रिपोर्टिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग इत्यादि का राज्य या जिला स्तर पर सरकारी या गैर सरकारी/ आई.टी संस्थान में कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | **02 (दो) पद**<br>01 पद–अनारक्षित<br>01 पद– अत्यंत पिछड़ा वर्ग | | 17,000/– |
| 5 | पारा लीगल पर्सनल/ अधिवक्ता (अंशकालिक) | कानून में स्नातक। | महिलाओं से सम्बन्धित किसी सरकारी या गैर सरकारी परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव या न्यायालय में मुक़दमे के पैरवी करने का दो वर्ष का अनुभव। | **02 (दो) पद**<br>01 पद–अनारक्षित<br>01 पद– अत्यंत पिछड़ा वर्ग | | 8,000/– रूपया समेकित EPF तथा ESIC देय नहीं। |
| 6 | पारा मेडिकल पर्सन (अंशकालिक, महिला हेतु आरक्षित) | पैरामेडिक्स में प्रोफेशनल डिग्री/ डिप्लोमा। | सरकारी या गैर सरकारी क्षेत्र में स्वास्थ्य से सम्बन्धित परियोजना/कार्यक्रम में जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | **02 (दो) पद**<br>01 पद–अनारक्षित<br>01 पद– अत्यंत पिछड़ा वर्ग | | 8,000/– रूपया समेकित EPF तथा ESIC देय नहीं। |

# समाहरणालय, पटना
## (जिला प्रोग्राम कार्यालय, ICDS)
## विज्ञापन संख्या–07/2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | बहुउद्देशीय वर्कर/रसोईया/कुक | मैट्रिक। | सम्बन्धित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव। | 06 (छः) पद<br>02 पद–अनारक्षित<br>02 पद– अत्यंत पिछड़ा वर्ग<br>01 पद– अनुसूचित जाति<br>01 पद–पिछड़ा वर्ग | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | 13,000/– |
| 8 | सुरक्षा प्रहरी/रात्रि प्रहरी | मैट्रिक। | सुरक्षा प्रहरी के रूप में सरकारी या प्रतिष्ठित संस्थान में राज्य या जिला स्तर पर कार्य करने का कम से कम 2 वर्ष का अनुभव।<br>• सेना या अर्द्ध सैनिक बल से अवकाश प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता। | 06 (छः) पद<br>02 पद–अनारक्षित<br>02 पद– अत्यंत पिछड़ा वर्ग<br>01 पद– अनुसूचित जाति<br>01 पद–पिछड़ा वर्ग | | 13,000/– |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदको को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमाः–संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत् होगी।
   अनारक्षित वर्ग (पुरूष)–37 वर्ष
   पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)–40 वर्ष
   अनारक्षित वर्ग (महिला)–40 वर्ष
   अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)–42 वर्ष
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
7. संविदा के आधार पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियोजन की कोई दावा मान्य नहीं होगी। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन सखी वन स्टॉप सेंटर, पटना एवं बाढ़ अनुमंडल, पटना के अधीन होगा।
8. विभिन्न पदों पर नियोजित उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।
10. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
11. सरकारी/ अर्ध–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

**12.** चयन प्रक्रिया– निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों को मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना सम्बन्धित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित E-mail एवं जिला के https://patna.nic.in बेबसाईट पर दी जाएगी। कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

**13.** मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**14.** विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से सम्बन्धित सभी अधिकार जिला पदाधिकारी, पटना के अधीन है। जिला पदाधिकारी, पटना विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।

**15.** इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए दिनांक–10.03.2024 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव सम्बन्धी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए ई–मेल–dpo.pat.icds@gmail.com पर समर्पित करेंगे एवं हार्ड कॉपी निबंधित डाक से जिला प्रोग्राम कार्यालय (ICDS), पटना, विकास भवन, द्वितीय तल, गाँधी मैदान, पटना–800001 के पता पर भेजेंगे। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्ट्या निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**16.** एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होगी।

**17.** भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

**18.**अभ्यर्थी, विज्ञापन से सम्बन्धित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु https://patna.nic.in वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

24/2/24

**जिला पदाधिकारी,**
**पटना।**

# आवेदन–प्रपत्र

**विज्ञापन संख्याः–.............................**

अनुलग्नक–1

1. आवेदित पद का नामः ..............................................................
2. अभ्यर्थी का नामः ..............................................................
3. जन्म तिथि : ..............................................................
4. माता का नामः ..............................................................
5. पिता/पति का नामः ..............................................................
6. आधार कार्ड नंबरः ..............................................................

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटों

7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): ..............................................................

..............................................................

8. पत्राचार का पताः ..............................................................

..............................................................

9. श्रेणीः सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐

10. मोबाईल नंबरः ..............................................................
11. ई–मेल आईडीः ..............................................................
12. शैक्षणिक विवरणीः–

| क्र.सं. | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी/अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :–

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष/माह/दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

13. संलग्न किये गये कागजातों की सूची :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

**घोषणाः**–उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी/रहूँगा एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांकः–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर